Commission on Labour. Government are not seized of the matter at present and will consider it on receipt of the recommendations of the Commission.

Telex Service at Bhubaneswar

2939. SHRI K. P. SINGH DEO :
SHRI P. K. DEO :
SHRI D. N. DEB :

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether any request from the Orissa Government for establishing Telex service at Bhubaneswar has been receieved; and

(b) if so, the Central Government's reaction in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI SHER SINGH) : (a) Yes.

(b) The proposal for the opening of 50 line telex at Bhubaneswar is under consideration. However, it has not been possible to take up the same so far for want of adequate demand.

प्रसार प्रबन्धक

2940. **श्री एस० एम० जोशी** : क्या सूचना और प्रसारण तथा सचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कार्यालय के घन्टों के पश्चात प्रसार प्रबन्धक स्टेशन अधिकारी का सारा काम देखता है,

(ख) क्या यह भी सच है कि प्रसारण प्रबन्धकों को प्रसारणों के समय कुछ मामलों में स्वयं निर्णय करना पड़ता है और प्रसारित की जाने वाली सामग्री बारे में उन्हें अपनी राय व्यक्त करनी होती है,

(ग) क्या यह भी सच है कि आकाशवाणी के कर्मचारी वृन्द के पुनर्गठन के सम्बंध में नियुक्त किये गये अध्ययन दल ने अपने प्रतिवेदन में प्रसारण प्रबंधकों के क्षेत्राधिकार तथा जिम्मेवारियों की पूरी तरह व्याख्या नहीं की है ; और

(घ) यदि हां, तो उनके क्षेत्राधिकार तथा जिम्मेवारियां निश्चित करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मन्त्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी, नहीं।

(ख) ट्रांसमिशन एक्जीक्यूटिव का काम केवल प्रोड्यूसर/सहायक प्रोड्यूसर/प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव की सहायता करना होता है जो कार्यक्रम तैयार करने का कार्य देखते हैं तथा कार्यक्रमों का मूल्यांकन करने के लिये भी उत्तरदायी है। ये प्रोड्यूसर सहायक प्रोड्यूसर या कार्यभारी प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव की देख-रेख में काम करते हैं।

(ग) जी नहीं, यह सच नहीं है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

आकाशवाणी के कायक्रम प्रबन्धकों (प्रोग्राम एक्सक्यूटिव) का तबादला

2941, **श्री एस० एम० जोशी** :
श्री राम गोपाल शालवाले :

क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मितव्ययता अभियान सम्बंधी आदेशों के बावजूद इन दिनों आकाशवाणी में कार्यक्रम प्रबंधकों के तबादले बड़े पैमाने पर किये जा रहे हैं;

(ख) क्या कर्यक्रम प्रबंधकों का तबादला करते समय उनकी भाषा सम्बंधी योग्यताओं को ध्यान में रखा जाता है;

(ग) यदि नहीं, तो उनको किसी ऐसे स्थान विशेष पर निपुक्त करने के क्या कारण हैं जहां की भाषा से वे अनभिज्ञ हैं, और

(घ) क्या ऐसे तबादलों का प्रसारण कार्य-